Bal Bharati
PUBLIC SCHOOL
Sector-21, Noida, G.B. Nagar

<u>प्रतिवेदन</u>

कारगिल विजय दिवस (2024)

"वीरों की गाथाएँ सिर्फ हमें न सुनानी हैं,
सीखकर कुछ बात उनसे जीवन में राह बनानी हैं।"

कारगिल विजय दिवस उन बहादुर सैनिकों के बलिदान को याद करने के लिए मनाया जाता है, जो हमारे महान राष्ट्र की रक्षा के लिए कर्तव्य की पंक्ति में शहीद हो गए।बाल भारती पब्लिक स्कूल ,नोएडा में भी 24 जुलाई, 2024 को भारत की युद्ध विजय को याद करने और देश की सीमाओं की रक्षा के लिए साहस और बलिदान के प्रतीक कारगिल शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए 'कारगिल विजय दिवस' मनाया।

जिसके उपलक्ष्य में विद्यालय के प्राथमिक विभाग की मुख्याध्यापिका श्रीमती विनया पुजारी जी के मार्गदर्शन में बाल सभा गतिविधि के अंतर्गत कक्षा तीसरी से पाँचवीं तक के छात्रों के लिए एक अंतर्सदनीय गतिविधि आयोजित की गई जिसमें छात्रों को कारगिल युद्ध में शहीद हुए वीरों में से अपनी पसंद के किसी भी एक वीर योद्धा के जीवन वृतांत पर आधारित चरित्र अभिनय करना था। यह गतिविधि दो चरणों में पूर्ण की गई जिसमें प्रथम चरण में प्रत्येक सदन से चयनित छात्रों ने निर्णायक चक्र में अपनी प्रतिभा का बहुत ही उत्कृष्ट प्रदर्शन किया एवं प्रतियोगिता में प्रथम,द्वितीय व तृतीय स्थान सुनिश्चित किया।

इस गतिविधि के माध्यम से छात्रों में देशभक्ति की भावना जागृत करने के अलावा उनकी रचनात्मकता और कल्पना को निखारने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम की निर्णायिका महोदया श्रीमती निशा राय ने विद्यार्थियों की पहल और प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि देशभक्ति एक सामाजिक मूल्य है, देशभक्ति की भावना प्राथमिक स्तर पर ही विकसित की जानी चाहिए ताकि विद्यार्थी हमारे राष्ट्र के जिम्मेदार नागरिक बन सकें।

जय हिंद !

बाल सभा गतिविधि(2024-25)

"कारगिल विजय"

अंतर्सदनीय गतिविधि परिणाम

दिनांक- 24.07.2024

कक्षा – III से V तक

विषय –कारगिल युद्ध में शहीद हुए वीरों का चरित्र अभिनय

संख्या	विद्यार्थी का नाम	कक्षा एवं वर्ग	सदन का नाम	प्राप्त स्थान
1.	दिव्यांश सिंह	VA	रमन	प्रथम
2.	अनिका तिवारी	IVC	शिवाजी	द्वितीय
3.	श्रव्या गुप्ता	VA	अशोका	तृतीय
4.	आरुषि	III E	अशोका	तृतीय

प्रतिवेदन प्रस्तुतकर्ता- दीपा चतुर्वेदी

पर्यवेक्षण: श्रीमती विनया पुजारी

(प्राथमिक प्रमुख)